Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar

an>

Title : Need to look into the problems being faced by Gond Community in Varanasi district, Uttar Pradesh.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : अध्यक्ष महोदय, आज तक गोंड जाति के लोग आदिवासियों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं के अभाव में गरीबी रेखा से काफी नीचे रहकर जीवन यापन को बाध्य है। आदिवासी गोंड समाज की महिलाओं, बच्चों, छात्रों, बेरोजगारों के शैक्षणिक, आर्थिक , सामाजिक विकास के लिए शासन की योजनाएं अभी तक लागू नहीं की गयी हैं। शासन को गोंड समाज के चतुर्मुखी विकास के लिए आदिवासी योजनाएं लागू किया जाना आवश्यक है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस जाति को केन्द्र सरकार की भांति साढ़े सात प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चि किया जाये। उनके विकास के लिए शासन की ओर से प्रस्तावित योजनाओं को लागू किया जाये। केन्द्र की भांति विधान सभा, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, नगर निगम चुनाव एवं अन्य चुनावों में साढ़े सात प्रतिशत सीटें आरक्षित की जायें। प्रांत के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश देकर परिवार रजिस्टर एवं अन्य राजस्व अभिलेखों में गोंड सहित अन्य आदिवासियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सरल नीति तय की जाये ताकि इनका आर्थिक शोाण न हो सके। केन्द्र की भांति प्रदेश में भी प्रांतीय जनजाति आयोग का गठन किया जाये तथा प्रत्येक जनपदों में गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का स्मारक स्थापित किया जाये।